राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने राष्ट्रपति के जयपुर से लौटने पर दी भाव भरी विदाई

राज्यपाल श्री बागडे ने राजभवन में राष्ट्रपति का शॉल ओढ़ाकर, स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया

जयपुर, 18 सितम्बर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के जयपुर से लौटने पर बुधवार को हवाई अड्डे पर भाव भरी विदाई दी।

इससे पहले उन्होंने श्रीमती द्रौपदी मुर्मु का राजभवन पहुंचने पर अभिनंदन करते हुए स्वागत किया। उन्होंने श्रीमती मुर्मु को राजभवन के अतिथि गृह में शॉल ओढ़ाकर और इस संक्षिप्त यात्रा के स्मरण स्वरूप राजस्थान की प्रसिद्ध मीनाकारी की हुई फूल—पत्ती, मयूर उकेरा हुआ स्मृति चिन्ह प्रदान किया। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने भी राज्यपाल को अपनी ओर से शॉल ओढ़ाते हुए, राष्ट्रपति भवन का कलात्मक मढ़ा हुआ छायाचित्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया।

——

Smt. Droupadi Murmu
President Of